भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1188
उत्तर देने की तारीख : 23 मार्च, 2012

बाल भवनों के लिए निधि का आवंटन

1188. श्री के. एन. बालगोपाल:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा राष्ट्रीय बाल भवन के कार्यकरण के लिए सालाना कितना आवंटन किया जा रहा है;

(ख) देश भर में केन्द्र सरकार की सहायता से कितने बाल भवन कार्य कर रहे हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान बाल भवन, कोल्लम को कितना अनुदान और सहायता प्राप्त हुई; और

(घ) क्या किसी योजना के अंतर्गत अनुदान के लिए बाल भवन, कोल्लम का कोई प्रस्ताव राष्ट्रीय बाल भवन के पास लंबित पड़ा है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ0 डी. पुरंदेश्वरी)

(क): वर्ष 2011-12 के लिए राष्ट्रीय बाल भवन के योजनागत कार्यकलापों के लिए 14.00 करोड़ रूपए और योजनेतर कार्यकलापों के लिए 6.65 करोड़ रू. का वार्षिक आवंटन किया गया है।

(ख): राष्ट्रीय बाल भवन 156 संबद्ध बाल भवनों तथा 23 बाल केन्द्रों को आवर्ती और अनावर्ती वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है।

(ग) और (घ): जवाहर बाल भवन, कोल्लम को वित्त वर्ष 2008-09 के दौरान अनावर्ती कार्यकलापों के लिए 10.00 लाख रू. की वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी। वर्ष 2011-12 के दौरान जवाहर बाल भवन, कोल्लम से 35.00 लाख रू. का सहायता अनुदान जारी करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। तथापि, योजना के अनुसार, जवाहर बाल भवन, कोल्लम वित्त वर्ष 2011-12 के लिए सहायता अनुदान का पात्र नहीं है।